प्रधानमंत्री ने कानपुर मेट्रो रेल को दिखाई हरी झंडी

चर्चा में क्यों?

28 दिसंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महानगर कानपुर में कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के बन चुके सेक्शन का उद्घाटन किया तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ मेट्रो की सवारी की।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रधानमंत्री ने नई कानपुर मेट्रो ट्रेन से आईआईटी कानपुर से मोतीझील तक 9 किमी. लंबे खंड का निरीक्षण करने के लिये यात्रा की।
- कानपुर में मेट्रो रेल परियोजना की कुल लंबाई 32 किमी. है और इसे 11,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनाया जा रहा है।
- कानपुर मेट्रो देश में सबसे तेज़ी से बनने वाला मेट्रो प्रोजेक्ट होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने 15 नवंबर, 2019 को कानपुर मेट्रो परियोजना का निर्माण कार्य शुरू किया था और दो साल से भी कम समय में 10 नवंबर, 2021 को 9 किमी. की लंबाई वाले कानपुर **IIT** से मोतीझील तक के कॉरिडोर का ट्रायल रन किया गया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पहले **IIT** कानपुर के 54वें दीक्षांत समारोह में भी भाग लिया। इस बार दीक्षांत समारोह में सभी छात्रों को नेशनल ब्लॉकचेन प्रोजेक्ट के तहत संस्थान के ही बनाए ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी से डिजिटल डिग्री दी गई। इन डिजिटल डिग्रियों को पूरे विश्व में कहीं भी सत्यापित किया जा सकता है। इन डिग्रियों के साथ फर्जीवाड़ा नहीं किया जा सकता।
- कानपुर दौरे के दौरान प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बिछाई गई बीना-पनकी बहु-उत्पाद पाइपलाइन का भी उद्घाटन किया। 356 किमी. लंबी इस परियोजना की क्षमता लगभग 3.45 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है। मध्य प्रदेश में बीना रिफाइनरी से कानपुर नगर में पनकी तक फैली इस परियोजना से क्षेत्र में बीना रिफाइनरी से पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन में मदद मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-flags-off-kanpur-metro-rail